# 26 राजस्थान की साहित्यिक व सांस्कृतिक संस्थाएँ

1- **नीचे दिए गए युग्मों में से असुमेलित युग्म छांटिए–**
(1) राजस्थान भाषा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी– बीकानेर
(2) पश्चिमी क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र– उदयपुर
(3) राजस्थान ललित कला अकादमी– जयपुर
(4) राजस्थान प्राच्य विद्या प्रतिष्ठान–अजमेर (4)

**व्याख्या–** राजस्थान प्राच्य विद्या प्रतिष्ठान जोधपुर में स्थित हैं।

2. **राजस्थान प्राच्य विद्या प्रतिष्ठान का मुख्यालय कहाँ स्थित है?**
(1) जोधपुर (2) अजमेर
(3) जयपुर (4) बीकानेर (1)

**व्याख्या–** राजस्थान प्राच्य विद्या प्रतिष्ठान की स्थापना 1954 को जयपुर में की गई थी तथा 1958 में इसे जोधपुर स्थानान्तरित कर दिया गया था।

3. **निम्न में से कौन सी संस्था कठपुतली कला को राजस्थान में संरक्षण–संवर्धन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए जानी जाती है?**
(1) ललित कला अकादमी (जयपुर)
(2) भारतीय लोक कला मंडल (उदयपुर)
(3) राजस्थान संगीत संस्थान (जयपुर)
(4) रवीन्द्र रंगमच (बीकानेर) (2)

4. **भारतीय लोक कला मंडल स्थित है?**
(1) जयपुर (2) अजमेर
(3) जोधपुर (4) उदयपुर (4)

5. **अरबी–फारसी शोध संस्थान कहाँ स्थित है?**
(1) जयपुर (2) भरतपुर
(3) टोंक (4) कोटा (3)

6. **माणिक्यलाल आदिम जाति शोध संस्थान कहाँ स्थित है?**
(1) उदयपुर (2) बाँसवाड़ा
(3) प्रतापगढ़ (4) चित्तौड़गढ़ (1)

7. **राज्य की पारम्परिक एवं विलुप्त हो रही कलाओं के संरक्षण, खोज एवं संवर्द्धन करने और उनका समन्वित विकास करने के उद्देश्य से स्थापित संस्था है?**
(1) जयपुर कत्थक केन्द्र
(2) गुरूनानक संस्थान ( जयपुर)
(3) राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी
(4) भारतीय लोक कला मण्डल (उदयपुर) (4)

**व्याख्या–** भारतीय लोक कला मण्डल की स्थापना 1952 में श्री देवीलाल सामर द्वारा की गई। यह संस्था विभिन्न लोक कलाओं, कठपुतली नृत्य के प्रचार–प्रसार व संरक्षण का कार्य करती है।

8. **ऐतिहासिक प्रमाणों, दस्तावेजों, पत्रों, मुगल फरमानों एवं हस्तचित्रित तस्वीरों के एलबम के अध्ययन हेतु संग्रहण स्थित है?**
(1) राजस्थान प्राच्य विद्या प्रतिष्ठान(जोधपुर)
(2) राजस्थानी शोध संस्थान(जोधपुर)
(3) राजस्थान राज्य अभिलेखागार(बीकानेर)
(4) भारतीय लोक कला मंडल(जोधपुर) (3)

9. **पश्चिमी क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र स्थित है?**
(1) जोधपुर (2) जैसलमेर
(3) उदयपुर (4) बीकानेर (3)

10. **स्वामी विवेकानन्द म्यूजियम कहाँ पर स्थित है?**
(1) चिड़ावा (2) खेतड़ी (3) बिसाऊ (4) पिलानी (2)

**व्याख्या–** वर्तमान में यह म्यूजियम नीमकाथाना जिले में है।

11. **पश्चिमी क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र (उदयपुर) की स्थापना किस विभाग द्वारा की गई–**
(1) राजस्थान सूचना एव जनसम्पर्क मंत्रालय
(2) केन्द्रीय मानव संसाधन मंत्रालय के संस्कृति विभाग द्वारा
(3) राजस्थान सरकार के शिक्षा विभाग के द्वारा
(4) राजस्थान सरकार के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा (2)

**व्याख्या–**इस संस्थान की स्थापना लोक कलाओं के उत्थान, कलाकारों को संरक्षण देने के उद्देश्य से की गई है। यह देश में स्थापित कुल 7 क्षेत्रीय सांस्कृतिक केन्द्रों में से एक है।

12. **निम्न में से असत्य युग्म है–**
(1) जयपुर कत्थक केन्द्र– जयपुर (2) ललित कला अकादमी–जयपुर
(3) गुरुनानक संस्थान–जयपुर (4) रवीन्द्र मंच–गंगानगर (4)

**व्याख्या–** रंवीन्द्र मंच जयपुर में है, जबकि रवीन्द्र रंगमंच बीकानेर में है।

13. **निम्न में से असत्य युग्म है–**
(1) राजस्थान हिन्दी ग्रंथ अकादमी–जयपुर
(2) लोक संस्कृति नगर श्री शोध संस्थान– चुरू
(3) राजस्थान पंजाबी अकादमी–हनुमानगढ़
(4) राजस्थान ज्ञानपीठ संस्थान– बीकानेर (3)

**व्याख्या–**राजस्थान पंजाबी अकादमी गंगानगर में स्थित है, जिसकी स्थापना 7 मार्च, 2006 को की गई।

14. **राजस्थान स्कूल ऑफ आर्ट एण्ड क्रॉफ्टस्, जयपुर की स्थापना किस शासक द्वारा की गयी?**
(1) महाराजा रामसिंह प्रथम (2) महाराजा रामसिंह द्वितीय
(3) महाराजा मानसिंह (4) महाराजा जयसिंह (2)

15. **निम्न में से किस संस्थान की स्थापना 'मदरसा–ए–हुनरी' के नाम से की गई थी।**
(1) राजस्थान स्कूल ऑफ आर्ट एण्ड क्राफ्टस्(जयपुर)
(2) ललित कला अकादमी(जयपुर)
(3) राजस्थान संगीत नाटक अकादमी(जोधपुर)
(4) राजस्थान ज्ञानपीठ संस्थान(बीकानेर) (1)

**व्याख्या–** जयपुर के शासक महाराजा रामसिंह द्वितीय के द्वारा 1857 में राजस्थान स्कूल ऑफ आर्ट एण्ड क्राफ्टस् की स्थापना मदरसा–ए–हुनरी के नाम से की गई थी। जिसे बाद में महाराजा स्कूल ऑफ आर्ट एण्ड क्राफ्टस् के नाम से जाना जाने लगा।

16. **किस संस्थान की स्थापना कोमल कोठारी के प्रयासों से 1960 में की गई थी?**
(1) जयपुर कत्थक केन्द्र (2) ललित कला अकादमी
(3) रूपायन संस्थान (4) राजस्थान साहित्य अकादमी (3)

**व्याख्या–** रूपायन संस्था की स्थापना कोमल कोठारी ने विजयदान देथा के सहयोग से बोरून्दा (जोधपुर ग्रामीण) में की थी। यह संस्था पश्चिमी राजस्थान की लोक कला व लोक संस्कृति व लोक कलाकारों के उत्थान का कार्य करती है।

17. **निम्न में से असत्य युग्म है–**
(1) कुतुबखाना–जोधपुर
(2) अम्बेडकर पीठ–मूंडला (जयपुर ग्रामीण)
(3) पंडित झाबरमल शर्मा शोध संस्थान– जयपुर
(4) राजस्थान प्रचारिणी सभा–जयपुर (1)

**व्याख्या–** कुतुबखाना अलवर में स्थित है, इस पुस्तकालय की स्थापना अलवर के महाराजा विनयसिंह ने की थी।

18. **किस अकादमी द्वारा 'माघ पुरस्कार' दिया जाता है?**
(1) जयपुर कत्थक केन्द्र (2) ललित कला अकादमी
(3) राजस्थान संस्कृत अकादमी (4) राजस्थान साहित्य अकादमी(3)

**व्याख्या–** राजस्थान संस्कृत अकादमी (जयपुर) की स्थापना 1980 में की गई थी। इस अकादमी का सर्वोच्च पुरस्कार 'माघ पुरस्कार है।'

19. **निम्न में से किस संस्थान की स्थापना आचार्य तुलसी ने की थी?**
(1) जैन विश्व भारती (लाडनूं)
(2) राजस्थान पंजाबी अकादमी(गंगानगर)
(3) राजस्थानी शोध संस्थान(चौपासनी)
(4) राजस्थान राज्य अभिलेखागार(बीकानेर) (1)

**व्याख्या–** जैन विश्व भारती (लाडनूं) की स्थापना जैन आचार्य तुलसी ने की थी। इसे डिम्स विश्वविद्यालय का दर्जा प्राप्त है।

20. **किस संस्थान द्वारा 'सूर्यमल्ल मिश्रण शिखर पुरस्कार' दिया जाता है?**
(1) राजस्थान प्राच्य विद्यापीठ प्रतिस्ठान
(2) राजस्थान भाषा साहित्य एवं संस्कृत अकादमी
(3) राजस्थान प्रचारणी संभा
(4) अम्बेडकर पीठ (2)

21. **राजस्थानी पंजाबी अकादमी की स्थापना कब व कहाँ की गई?**
(1) मई 2006, हनुमानगढ़ (2) जुन 2006, बीकानेर
(3) मार्च 2010, गंगानगर (4) मार्च 2006,गंगानगर (4)

22. **लोकसंस्कृति नगर श्री शोध संस्थान कहाँ स्थित है?**
(1) बीकानेर (2) गंगानगर
(3) चूरू (4) जयपुर (3)

23. **1957 में स्थापित राजस्थान संगीत नाटक अकादमी कहाँ स्थित है?**
(1) कोटा (2) जोधपुर
(3) उदयपुर (4) जयपुर (2)

**व्याख्या–**राजस्थान संगीत नाटक अकादमी राजस्थान में संगीत, नृत्य व नाट्य विद्याओं के प्रचार–प्रसार व संरक्षण का कार्य करती है।

24. **1950 में स्थापित राजस्थान संगीत संस्थान कहाँ स्थित है?**
(1) जोधपुर (2) बीकानेर
(3) जयपुर (4) उदयपुर (3)

25. **राजस्थानी शोध संस्थान कहाँ पर स्थित है?**
(1) लक्ष्मणगढ़(सीकर) (2) चौपासनी(जोधपुर)
(3) बोरून्दा(जोधपुर ग्रामीण) (4) मूण्डला(जयपुर ग्रामीण) (2)

**व्याख्या–** राजस्थानी शोध संस्थान की स्थापना 1955 में चौपासनी, जोधपुर में की गई।

26. **राजस्थानी शोध संस्थान की स्थापना कब हुई?**
(1) 1952 (2) 1960
(3) 1950 (4) 1955 (4)

27. **किस संस्था से 'लोक संस्कृति' नामक पत्रिका निकलती है?**
(1) गुरूनानक संस्थान (2) राजस्थान संगीत संस्थान
(3) रूपायन संस्थान (4) राजस्थान साहित्य अकादमी (3)

**व्याख्या–** रूपायन संस्थान की स्थापना कोमल कोठारी ने 1960 में की गई थी। यहां से 'लोक संस्कृति' व 'मरूचक्र' नामक पत्रिका निकलती है।


28. **किस संस्थान से 'मरूवाणी' नामक पत्रिका निकलती है?**
(1) रूपायन संस्थान (2) राजस्थान सिंधी अकादमी
(3) ललित कला अकादमी (4) राजस्थानी प्रचारिणी सभा(4)


29. **निम्न में से असत्य कथन है–**
(1) राजस्थान सिंधी अकादमी 'रिहाण' वार्षिक पत्रिका निकालती है।
(2) राजस्थानी ज्ञानपीठ संस्थान से ' राजस्थानी गंगा' पत्रिका निकलती है।
(3) राजस्थानी भाषा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी से 'जागती–जोत' नामक मासिक पत्रिका निकलती हैं।
(4) जैन विश्व भारती संस्था से 'पणिहारी' नामक पत्रिका निकलती है। (4)


**व्याख्या–** जैन विश्व भारती संस्था से 'तुलसी प्रज्ञा' नामक पत्रिका निकलती है और 'पणिहारी' नामक पत्रिका राजस्थानी भाषा बाल साहित्य प्रकाशन संस्था से निकलती है।

30. **ऐतिहासिक पोथीखाना कहाँ स्थित है?**
(1) अलवर में (2) जोधपुर में
(3) उदयपुर में (4) जयपुर में (4)

## राजस्थान की सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सर्वश्रेष्ठ पुस्तकें –




टेलीग्राम से जुड़ने के लिए

@DHINDHWAL2023GK

– Dhindhwal Publication

– धींधवाल पब्लिकेशन

– Dhindhwal Classes

– @Publication-DP

– Dhindhwal Publication

धींधवाल पब्लिकेशन की उपरोक्त पुस्तकें राजस्थान के सभी शहरों में प्रमुख बुक स्टोर पर उपलब्ध है। ऑनलाईन ऑर्डर कर घर बैठे मंगवाने के लिए मोबाईल नंबर 7725969600 (कानाराम जी) पर फोन या वाट्सअप मैसेज करें।